Government of Haryana

# Annual Administrative Report

of

# The Welfare of Scheduled Castes & Backward Classes Department, Haryana

for

## The year 2015-2016

**Review of the Annual Administrative Report of the Welfare of Scheduled Castes & Backward Classes Department, Haryana for the year 2015-16.**

During the year 2015–16, a sum of Rs. 65896.00 lacs was allocated under State Plan (Rs. 13139.50 lacs), centrally sponsored Plan (Rs. 35514.10 lacs), Special Central Assistance (Rs. 2115.00 lacs) and Non-Plan Schemes (Rs. 15127.40 lacs) for the Welfare of Scheduled Castes and Backward Classes Department. During this period, against the above allocation, Rs. 33534.49 lacs were utilised under different schemes of State Plan (Rs. 11505.77 lacs), Centrally Sponsored Plan (Rs. 7363.22 lacs) and Non-Plan Schemes (Rs. 14665.50 lacs).

2. A summary of State Plan, Centrally Sponsored Plan, Special Central Assistance and Non-Plan Schemes is as under:-

**A. STATE PLAN SCHEMES**

i. An amount of Rs. 610.10 lacs was provided as financial assistance for constructions/repair of houses to 1249 beneficiaries under the "Dr. B. R. Ambedkar Aawas Yojna".

ii. An amount of Rs. 47.10 lacs was provided as financial assistance to 95 beneficiaries belonging to Tapriwas and Vimukt Jatis for construction of houses under the "Dr. B. R. Ambedkar Aawas Yojna".

iii. During this year, an amount of Rs. 124.00 lacs was provided as share capital to Haryana Backward Classes and Economically Weaker Sections Kalyan Nigam and an amount Rs. 350.00 lacs was provided as administrative subsidy to bear administrative expenses.

iv. An amount of Rs. 56.24 lacs was utilised for providing training to 1823 Scheduled Caste/ Backward Classes trainees under the Scheme "Tailoring Training to Scheduled Castes/Backward Classes Widows / Destitute Women/ Girls ".

v. Under the Scheme of "Mukhya Mantri Viwah Shagun Yojna", an amount of Rs. 6717.08 lacs was disbursed to 26784 beneficiaries during the year 2015-16.

vi. An amount of Rs. 100.00 lacs was provided as share capital to "Haryana Scheduled Castes Finance and Development Corporation" and an amount Rs. 675.00 lacs was given as subsidy to bear administrative expenses during the year 2015-16.

vii. An amount of Rs. 2408.18 lacs was disbursed to 25025 Students (12157 Scheduled Castes and 12868 Backward Classes) under "Dr. Ambedkar Medhavi Chhattra Yojna" during the year 2015-16.

viii. Under the Scheme of Information Technology, an amount of Rs. 5.74 lacs was utilised during the year 2015-16.

ix. An amount of Rs. 36.70 lacs was utilised for providing training to 193 youths under the Scheme of Up-gradation of the Typing and Data Entry Skills of the SC/BC Unemployed youth through Computer' dring the year 2015-16.

x. An amount of Rs. 0.68 lacs was disbursed to 7 SC girl students under the "Scheme of Anusuchit Jati Chhatra Ucch Shiksha Protsahan Yojna" during the year 2015-16.

xi. An amount of Rs. 4.00 lacs was given to 2 SC/BC institutions/societies during the year 2015-16.

xii. An amount of Rs. 8.83 lacs was utilised under the Reaserch and Study during the year 2015-16.

xiii. Under the Scheme Creation of employment genertion opportunnities by setting up employment oriented institutes an amount of Rs. 100.00 lacs was spent during the year 2015-16.

**B. CENTRALLY SPONSORED SCHEMES**

i. An amount of Rs. 17631.22 lacs (Rs. 11323.56 lacs Non-Plan and Rs. 6307.66 lacs Central Share) was disbursed to 74222 Scheduled Caste Students under the Centrally Sponsored Schemes of "Post-Matric Scholarship for Scheduled Castes students" during the year 2015-16.

ii. An amount of Rs. 1177.95 lacs (Rs. 583.59 lacs Non-Plan and Rs. 594.36 lacs Central Share) was disbursed to 49935 Scheduled Caste Students under the Centrally Sponsored Schemes of "Post-Matric Scholarship for Backward Clasess students" during the year 2015-16.

iii. An amount of Rs. 200.00 lac was spent under "Babu Jagjivan Ram Chhatrawas Yojana" during the year 2015-16.

iv. An amount of Rs. 7.25 lac was spent on 29 students under "Upgradation of merit of Scheduled Caste/Scheduled Tribes students" scheme during the year 2015-16.

v. Schemes under Machinery for the Implementation of P.C.R. Act, 1955 and Scheduled Caste and the Scheduled Tribe (Prevention of Atrocities) Act, 1989: -

a) **Legal Assistance**:-An amount of Rs. 2.42 lacs (Rs. 1.21 lacs Plan & 1.21 lacs Central Assistance) was disbursed to 44 persons under the "Legal Aid Scheme", during the year 2015-16.

b) **Incentive for Inter-Caste Marriage**:-Under this scheme, an amount of Rs. 179.50 lacs (Rs. 89.75 lacs State Plan and Rs. 89.75 lacs Central assistance) was disbursed to 359 newly wedded couples as incentive.

c) **Award to Panchayats, Publicity of Schemes and Debates & Seminars for Removal of Untouchability**:-Under this scheme, an amount of Rs. 45.62 lacs (Rs. 22.81 lacs on State Plan side and Rs. 22.81 lacs from Central assistance) was utilised during this year. Out of this, an amount of Rs. 31.00 lacs (Rs. 15.50 lacs State Plan and Rs. 15.50 lacs Central assistance) was given to 62 Panchayats for their outstanding work and Rs. 8.62 lacs (Rs. 4.31 lacs on State Plan and Rs. 4.31 lacs from Central assistance) was spent on publicity of schemes and Rs. 6.00 lacs (Rs. 3.00 lacs from State Plan and Rs. 3.00 lacs from Centrally Sponsored Plan) was spent on 60 Debates and Seminars.

d) **Monetary relief to the victims of atrocities under Scheduled Castes & Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities), Act 1989**:-An amount of Rs. 280.36 lacs (Rs. 140.18 lacs State Plan and Rs. 140.18 lacs from Central assistance) was paid to 379 persons under this Scheme.

**C. SPECIAL CENTRAL ASSISTANCE SCHEME (100% Centrally Sponsored Scheme)**

During the year 2015-16, no fund has been recived from Govt. of India under the Special Central Assistance Scheme, but unspent amount of previous years is utilized. A sum of Rs. 491.23 lacs is utilized by Haryana Scheduled Caste Finance and Development Corporation for the economic development of Scheduled Castes under various income generating schemes, an amount of Rs. 21.72 lacs is utilized by the Industrial Training Department for organizing special training for Scheduled Caste/ Scheduled Tribes and upgradation of I.T.I.s and an amount of Rs. 120.00 lacs which was provided is utilized by Central Institute of Plastic Engineering and Technology, Murthal for various training programme.

**D. SCHEDULED CASTES SUB PLAN (SCSP)**

According to guidelines of the Government of India, Planning Commission, only those schemes are covered under SCSP, which ensure direct benefit to Scheduled Castes and priority should be given for providing basic minimum services like primary education, health, drinking water, nutrition, rural housing, rural link roads, rural electrification, agriculture and allied activities. As a part of national strategy, the villages having 40% and above Scheduled Castes population are being saturated first and provided with the infrastructure. The funds should be earmarked according to the proportion of SC population of the State population. During the year 2015-16, a sum of Rs. 338318.65 lacs was spent under SCSP, out of the total state plan expenditure Rs. 2059374.63 lacs i.e. expenditure is 16.42 percent by all departments concerned with SCSP.

**E. NON PLAN SCHEMES**

i. During the year 2015-16, an amount of Rs. 11323.56 lacs was disbursed as scholarship to Scheduled Castes students under the Scheme of "Post-Matric Scholarship Scheme for SC students".

ii. During the year 2015-16, an amount of Rs. 583.59 lacs was disbursed as scholarship to Backward Classes students under the Scheme of "Post-Matric Scholarship Scheme for O.B.C. students".

iii. An amount of Rs. 7.22 lacs was disbursed as scholarship to 289 students under the Scheme of "Pre-Matric Scholarship to Children of those who are engaged in Occupations involving Cleaning and Prone to Health hazard" during the year 2015-16.

iv. An amount of Rs. 90.68 lacs was utilised under the Scheme of "Staff for Hostel for "Pre-Matric Scholarship to Children of those who are engaged in Occupations Envoving Cleaning and Prone to Heath hazard" during the year 2015-16.

v. An amount of Rs. 101.00 lacs was utilised for providing training 193 Scheduled Caste Students in Type and Shorthand in Pre-examination Training Centres during the year 2015-16.

vi. During the year 2015-16, an amount of Rs. 21.18 lacs was utilised for providing hostel facilities to students living in the Hostels for Denotified Tribes students in Jind.

vii. An amount of Rs. 186.01 lacs was utilised to pay salaries and allowances to the staff of "Haryana Backward Classes Commission" during the year 2015-16.

viii. For the implementation of the aforesaid schemes, an amount of Rs. 2360.43 lacs (Rs. 2352.26 lacs Non Plan and Rs 8.17 lacs Plan) was utilised during the year 2015-16 to pay salary and allowances to the staff posted at Head Quarter, Districts and Tehsil Level.

## F. RESERVATION POLICY

An "Employment Cell" in the Directorate of Welfare of Scheduled Castes and Backward Classes has been created for monitoring the reservation Policy of State Government for Scheduled Castes & Backward Classes in Govt. services and admission. The Roster Registers of various Government Departments/Public Sector Undertakings are checked by the Roster register checking party regularly.

The quantum of reservation as per reservation policy dated 15-07-2014 for various reserved categories in Haryana State is as under:-

| Sr. No. | Category | Percentages of Reservation |
| --- | --- | --- |
| 1. | Scheduled Castes | 20% for class I, II, III & IV posts in Direct Recruitment.<br>20% for class III & IV post in Promotion.<br>*(reservation in Promotion has been stayed by the Hon'ble Punjab and Haryana High Court )* |
| 2. | Backward Classes | 15% in class I & II posts in Direct Recruitment.<br>BC (A) 10%<br>BC (B) 5 %<br>27% in class-III & IV posts in Direct Recruitment.<br>(16% for Block 'A' & 11% for Block 'B') |
| 3. | SBC | 5% in class I & II posts in Direct Recruitment.<br>10% in class-III & IV posts in Direct Recruitment.<br>*(The operation of SBC had been stayed by the Hon'ble Punjab and Haryana High Cout vide order dared 26-05-2015)* |
| 4. | Ex-Servicemen | 5% Reservation in class I & II posts.<br>14% Horizontal Reservation<br>(7% General, 2% SC, 2% BC Block 'A' & 3% BC Block 'B' in class III & IV posts. |
| 5. | Outstanding Sports Persons | 3% Horizontal Reservation<br>(1% General, 1% SC & 1% BC from each Block by rotation) in class III & IV posts. |
| 6. | Physically Handicapped | 3% horizontal (1% for each i.e. P-H blind & deaf and dumb) in class I, II, III and IV posts. |
| 7. | EBP Persons in the General Caste's | 5% in class I & II posts in Direct Recruitment.<br>10% in class-III & IV posts in Direct Recruitment. |

**Backlog**

Information pertaining to Backlog vacancies reserved for Scheduled Castes and Backward Classes as per available information upto 31.12.2012 has been prepared and same has already been sent to Chief Secretary's office Haryana. The Backlog status is as under:-

| Name of Deptt./PSU/DCs | BACKLOG AS ON 31.12.2012 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Scheduled Castes | | | | | Backward Classes | | | | |
| | A | B | C | D | Total | A | B | C | D | Total |
| Departments | 172 | 516 | 6580 | 442 | 7710 | 2 | 40 | 3803 | 996 | 4841 |
| PSU | 45 | 44 | 1280 | 332 | 1701 | 8 | 21 | 858 | 439 | 1326 |
| Divisional Comm./DCs | 0 | 0 | 111 | 36 | 147 | 0 | 0 | 111 | 53 | 164 |
| Total | 217 | 560 | 7971 | 810 | 9558 | 10 | 61 | 4772 | 1488 | 6331 |

3. This Administrative Report describes the schemes of the Welfare of Scheduled Castes and Backward Classes Department for the year 2015-16. The annexed report depicts the position in detail. While the State Govt. has initiated several schemes for socio-economic empowerment of Scheduled Castes & Backward Classes, persistent efforts are required to bring them at par with others This Department will address itself to this task with greater determination in the coming years.

4. This Review of the Report may be published in the Haryana Government Gazette and its copies of the Report be sent to the Govt. of India and other concerned quarters.

Dated, Chandigarh
6th March, 2017

Anil Kumar, IAS
Principal Secretary to Govt. Haryana
Welfare of Scheduled Castes and
Backward Classes Department.

## CRITIQUE OF THE ANNUAL ADMINISTRATIVE REPORT OF THE WELFARE OF SCHEDULED CASTES AND BACKWARD CLASSES DEPARTMENT FOR THE YEAR 2015-16

The Welfare of Scheduled Castes and Backward Classes Department strives for the welfare of persons belonging to Scheduled Castes, Backward Classes & Denotified Tribes of the State. During the year 2015-16, a sum of Rs. 36871.20 lacs was allocated under State Plan, Centrally Sponsored Plan, Special Central Assistance and Non Plan Schemes for the Welfare of Scheduled Castes, Backward Classes & Denotified Tribes which was later revised to Rs. 65896.60 lacs by the Government. Out of this, an amount of Rs. 33534.49 lacs was spent i.e. Rs. 11505.77 lacs under State Plan Schemes, Rs. 7363.22 lacs under Centrally Sponsored Schemes and Rs. 14665.50 lacs under Non-Plan Schemes.

2. The main emphasis was on the Educational, Social and Economic Development of Scheduled Castes, Backward Classes & Denotified Tribes during the year 2015-16. Various schemes like Housing Scheme, Incentive for Inter-Caste marriage, Mukhyamantri Viwah Shagun Yojna, Tailoring Training to Scheduled Castes, Backward Classes, Widows/Girls and Scholarship at Pre and Post matric stages etc. were implemented in letter and spirit.

Anil Kumar, IAS
Principal Secretary to Govt. Haryana
Welfare of Scheduled Castes and
Backward Classes Department.

Dated, Chandigarh
6th March, 2017

## अनुसूचित जातियाँ एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा की वर्ष 2015–16 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट की समीक्षा।

अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा के लिए वर्ष 2015–16 में स्टेट प्लान (13139.50 लाख रुपये), केन्द्रीय प्रायोजित (35514.10 लाख रुपये), विशेष केन्द्रीय सहायता (2115.00 लाख रुपये) तथा नान प्लान (15127.40 लाख रुपये) योजनाओं के लिए कुल निर्धारित राशि 65896.00 लाख रुपये थी। उपरोक्त निर्धारित राशि में से 33534.49 लाख रुपये की राशि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत इस वर्ष राज्य प्लान (11505.77 रुपये), केन्द्रीय प्रयोजक प्लान (7363.22 लाख रुपये) तथा नान प्लान स्कीम (14665.50 लाख रुपये) में खर्च की गई।

2. स्टेट प्लान, केन्द्रीय प्रयोजक, विशेष केन्द्रीय सहायता तथा नान प्लान स्कीमों का सारांश इस प्रकार है :–

### (क) राज्य प्लान स्कीमे

(1) "अनुसूचित जातियों को मकान बनाने/मुरम्मत हेतु डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर आवास योजना" के अन्तर्गत 610.10 लाख रुपये की राशि वित्तीय सहायता के रूप में 1249 लाभपात्रों को प्रदान की गई।

(2) टपरीवास एवं विमुक्त जातियों के लिए मकान निर्माण/मुरम्मत हेतु डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर आवास योजना के अन्तर्गत 47.10 लाख रुपये की राशि वित्तीय सहायता के रूप में 95 लाभपात्रों को प्रदान की गई।

(3) हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम को इस वर्ष के दौरान शेयर कैपिटल के रूप में 124.00 लाख रुपये की राशि तथा प्रशासकीय खर्च को जुटाने हेतु 350.00 लाख रुपये अनुदान के रूप में दिए गए।

(4) "अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग की विधवाओं/निराश्रित महिलाओं तथा गरीब लड़कियों को सिलाई प्रशिक्षण" योजना के अन्तर्गत 56.24 लाख रुपये की राशि 1823 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने पर खर्च की गई।

(5) मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अन्तर्गत 6717.08 लाख रुपये की राशि 26784 लाभपात्रों को वर्ष 2015–16 में प्रदान की गई।

(6) वर्ष 2015–16 में "हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम" को इस वर्ष के दौरान शेयर कैपिटल के रूप में 100.00 लाख रुपये की राशि तथा प्रशासकीय खर्च जुटाने हेतु 675.00 लाख रुपये की राशि अनुदान के रुप में दी गई है।

(7) वर्ष 2015–16 में डॉ0 अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना के अन्तर्गत 2408.18 लाख रुपये की राशि 25025 (12157 अनुसूचित जाति एवं 12868 पिछड़ा वर्ग) छात्रों को प्रदान की गई।

(8) सूचना प्रौद्योगिकी स्कीम के अन्तर्गत 5.74 लाख रुपये की राशि वर्ष 2015–16 में खर्च की गई।

(9) अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्गों के बेरोजगार युवकों को कम्पयूटर के माध्यम से टंकण तथा डाटा एन्ट्री में कौशल स्कीम पर 36.70 लाख रुपये की राशि वर्ष 2015–16 में 193 युवकों को प्रशिक्षण देने हेतु खर्च की गई।

(10) अनुसूचित जाति छात्रा उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में 0.68 लाख रुपये की राशि 07 अनुसूचित जाति की लड़कियों को प्रदान की गई है।

(11) अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्गों से सम्बन्धित 2 संस्थाओं/समितियों को वर्ष 2015–16 में 4.00 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई।

(12) अनुसंधान एवं अध्ययन के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में 8.83 लाख रुपये की राशि वर्ष 2015–16 मे खर्च की गई।

(13) रोजगार उन्नमुख संस्थाए/प्रषिक्षण कार्यक्रम स्थापित करके रोजगार के संसाधन उत्पन्न करना स्कीम के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में 100.00 लाख रुपये की राशि खर्च की गई।

**(ख) केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमें**

(1) भारत सरकार की "अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक स्कोलरशिप स्कीम" के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में 17631.22 लाख रुपये (11323.56 लाख नान प्लान तथा 6307.66 लाख केन्द्रीय हिस्सा) 74222 अनुसूचित जाति के छात्रों को प्रदान की गई।

(2) भारत सरकार की "पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक स्कोलरशिप स्कीम" के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में 1177.95 लाख रुपये (583.59 लाख नान प्लान तथा 594.36 लाख केन्द्रीय हिस्सा) 49935 पिछड़े वर्ग के छात्रों को प्रदान की गई।

(3) बाबू जगजीवन राम स्कीम पर वर्ष 2015–16 में 200.00 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है।

(4) अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों की मैरिट अपग्रेडशन स्कीम पर वर्ष 2015–16 में 7.25 लाख रुपये की राशि 29 छात्रों पर खर्च की गई है।

(5) "पी.सी.आर. एक्ट 1955" तथा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989" के परिपालन हेतु मशीनरी के अन्तर्गत स्कीमें :–

**(क) कानूनी सहायता स्कीम–**

वर्ष 2015–16 में कानूनी सहायता स्कीम के अन्तर्गत 2.42 लाख रुपये (1.21 लाख राज्य प्लान व 1.21 लाख रुपये केन्द्रीय प्रायोजित) की राशि 44 लोगों को प्रदान की गई।

**(ख) सामाजिक समरस्ता अन्तर्जातीय विवाह शगुन योजना–**

इस स्कीम के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में 359 नव विवाहित जोड़ों को 179.50 लाख रुपये (89.75 लाख रुपये प्लान तथा 89.75 लाख रुपये केन्द्रीय सहायता) की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी गई।

**(ग) पंचायतों को पुरस्कार, स्कीमो का प्रचार तथा छुआछूत दूर करने हेतु डिबेटस व सैमीनार–**

इस स्कीम के अन्तर्गत इस वर्ष 45.62 लाख रुपये (22.81 लाख रुपये स्टेट प्लान तथा 22.81 लाख रुपये केन्द्रीय सहायता) की राशि खर्च की गई। जिसमें से 31.00 लाख रुपये (15.50 लाख रुपये स्टेट प्लान तथा 15.50 लाख रुपये केन्द्रीय सहायता) की राशि 62 पंचायतों को पुरस्कार के रूप में तथा 8.62 लाख रुपये (4.31लाख रुपये स्टेट प्लान तथा 4.31 लाख रुपये केन्द्रीय सहायता) की राशि स्कीमों के प्रचार पर खर्च की गई। 6.00 लाख रुपये (3.00 लाख रुपये स्टेट प्लान व 3.00 लाख रुपये केन्द्रीय सहायता) की राशि 60 डिबेटस एवं सैमीनार पर खर्च की गई।

**(घ) अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति (अत्याचार निवारण अधिनियम 1989) के अन्तर्गत अत्याचारों से पीड़ित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता योजना–**

अत्याचारों से पीड़ित अनुसूचित जाति के सदस्यों को वित्तीय सहायता देने की योजना के अन्तर्गत 280.36 लाख रुपये (140.18 लाख रुपये प्लान तथा 140.18 लाख रुपये केन्द्रीय सहायता) की राशि 379 अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को प्रदान की गई।

## (ग) विशेष केन्द्रीय सहायता स्कीम (100 प्रतिशत केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम)

विशेष केन्द्रीय सहायता स्कीम के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में भारत सरकार से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई, परन्तु इस स्कीम के अन्तर्गत पिछले वर्षों की बिना खर्च राशि वर्ष 2015–16 में खर्च की गई। 491.23 लाख रुपये की राशि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा भिन्न–भिन्न आय उपार्जन स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को आर्थिक विकास हेतु खर्च किए गए हैं, औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के प्रशिक्षणार्थियों को विशेष प्रशिक्षण देने एवम् औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को अपग्रेड करने हेतु 21.72 लाख रुपये की राशि खर्च की गई। इसके अतिरिक्त सैन्ट्रल इन्स्टीच्यूट आफ प्लास्टीक इंजिनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी, मुरथल द्वारा 120.00 लाख रुपये विभिन्न ट्रैनिंग प्रोग्राम पर खर्च किये गए।

## (घ) अनुसूचित जाति उप योजना (SCSP)

भारत सरकार, योजना आयोग के दिशानिर्देशानुसार, अनुसूचित जाति उप–योजना के अन्तर्गत केवल उन स्कीमों को शामिल किया जाता है जिनसे अनुसूचित जातियों को सीधा लाभ पहुंचता है तथा इसके अन्तर्गत न्युनतम सेवायें क्षेत्र प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, पीने का पानी, न्यूट्रिशन, ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़कें, ग्रामीण बिजली, कृषि और अन्य सम्बन्धित कार्यों पर प्राथमिकता प्रदान करना है। राष्ट्रीय नीतिगत अनुसार 40 प्रतिशत एवं उससे अधिक अनुसूचित जाति की आबादी वाले गांवो पर ढाचागत कार्य को किया जाता है। पूँजी को राज्य की अनुसूचित जाति की जनसंख्या के अनुपात में निर्धारित किया जाता है। वर्ष 2015–16 में राज्य की वार्षिक योजना का कुल खर्च 2059374.63 लाख रुपये था, जिसमें से 338318.65 लाख रुपये अनुसूचित जाति–उपयोजना के अन्तर्गत खर्च किए गए थे (अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत सम्बन्धित सभी विभागों द्वारा 16.42 प्रतिशत राशि खर्च की गई थी)।

## (ङ) नान प्लान स्कीमें

(1) भारत सरकार की "अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक स्कोलरशिप स्कीम" के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में 11323.56 लाख रुपये की राशि को छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की गई।

(2) भारत सरकार की "अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक स्कोलरशिप स्कीम" के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में 583.59 लाख रुपये की राशि को छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की गई।

(3) सफाई तथा जान जोखिम वाले व्यवसायों मे लगे लोगों के बच्चों के लिए प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना देने के लिए वर्ष 2015–16 में 7.22 लाख रुपये की राशि 289 छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में दी गई।

(4) सफाई तथा जान जोखिम वाले व्यवसायों मे लगे लोगों के बच्चों के लिए प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए होस्टल के स्टॉफ के लिए वर्ष 2015–16 में 90.00 लाख रुपये की राशि खर्च की गई।

(5) विभाग द्वारा चलाये जा रहे है पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्रों में अनुसूचित जाति के बच्चों को टाईप तथा शार्टहैण्ड का प्रशिक्षण देने हेतु वर्ष 2015–16 में 101.00 लाख रुपये की राशि 120 प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान की गई।

(6) वर्ष 2015–16 में विमुक्त जाति के छात्रों के लिए जीन्द में स्थापित छात्रावास में रहने वाले छात्रो पर 21.18 लाख रुपये की राशि छात्रों को होस्टल सुविधा प्रदान करने हेतु खर्च की गई।

(7) हरियाणा द्वितीय पिछड़े वर्ग आयोग के अमले को वेतन तथा भत्ते देने के लिए 186.01 लाख रुपये की राशि वर्ष 2015–16 में खर्च की गई।

(8) उपरोक्त स्कीमों की परिपालना हेतु निदेशालय, जिलों/तहसीलों आदि में नियुक्त अमले के वेतन तथा भत्तों पर वर्ष 2015–16 में 2360.43 लाख रुपये की राशि (2352.26 लाख रुपये नान प्लान साईड पर और 8.17 लाख रुपये प्लान साईड) खर्च की गई।

## (च) आरक्षण नीति का संक्षिप्त विवरण

अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग में एक रोजगार शाखा का गठन किया गया है जिसका मुख्य कार्य राज्य सरकार की अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के लिए बनाई गई सरकारी सेवाओं में आरक्षण एवं सरकारी शिक्षण संस्थानो तथा गैर सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानो में दाखिले में आरक्षण नीति की परिपालना/मूल्यांकन करवाया जाना है। विभाग की रोस्टर चैकिंग पार्टी द्वारा नियमित रूप से सभी विभागो एवं सार्वजनिक उपक्रमों के आरक्षण सम्बन्धी रोस्टर रजिस्टर चैक किए जाते है।

वर्तमान में अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, भूतपूर्व सैनिक, विशेष पिछड़ा वर्ग, सामान्य जातियों में आर्थिक रूप से पिछड़े लोग, मेधावी खिलाड़ियों एवं निःशक्त जनो

के लिए राज्य सरकार की आरक्षण नीति दिनांक 15.7.2014 अनुसार निम्न प्रकार से प्रावधान किया गया है:–

| क्र० सं० | श्रेणी | आरक्षण की प्रतिशतता |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति | 20 प्रतिशत श्रेणी I, II, III व IV सीधी भर्ती के पदों में<br>20 प्रतिशत श्रेणी III व IV पदोन्नति के पदों में<br>*(माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति के पदोन्नति के मामले में रोक लगा दी गई है)* |
| 2. | पिछड़े वर्ग | 15 प्रतिशत श्रेणी I व II सीधी भर्ती के पदों में<br>पिछड़े वर्ग (ब्लाक 'ए') 10 प्रतिशत सीधी भर्ती के पदों में<br>पिछड़े वर्ग (ब्लाक 'बी') 5 प्रतिशत सीधी भर्ती के पदों में<br>27 प्रतिशत श्रेणी III व IV सीधी भर्ती के पदों में<br>(16 प्रतिशत ब्लाक 'ए' व 11 प्रतिशत ब्लाक 'बी') |
| 3. | विशेष पिछड़ा वर्ग | 5 प्रतिशत श्रेणी I व II सीधी भर्ती के पदों में<br>10 प्रतिशत श्रेणी III व IV सीधी भर्ती के पदों में<br>(माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा विशेष पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की प्रक्रिया पर दिनांक 26.05.2015 को रोक लगा दी गई थी) |
| 4. | भूतपूर्व सैनिक | 5 प्रतिशत श्रेणी I व II के पदों में<br>14 प्रतिशत श्रेणी हारिजेन्टल आरक्षण<br>(7 प्रतिशत सामान्य, 2 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 2 प्रतिशत पिछड़े वर्ग (ब्लाक 'ए') व 3 प्रतिशत पिछड़े वर्ग (ब्लाक 'बी') श्रेणी III व IV के पदों में) |
| 5. | उत्कृष्ट खिलाड़ियों | 3 प्रतिशत हारिजेन्टल आरक्षण<br>(1 प्रतिशत सामान्य, 1 प्रतिशत अनुसूचित जाति व 1 प्रतिशत पिछड़े वर्ग ब्लाक 'ए' व 'बी' में से बारम्बार) श्रेणी III व IV के पदों में |
| 6. | निःशक्त जन | 3 हारिजेन्टल आरक्षण<br>(1 प्रतिशत प्रत्येक के लिए निःशक्त जन, नेत्रहीन व मूक एवं वधीर) श्रेणी I, II, III व IV के सीधी भर्ती पदों में |
| 7. | सामान्य जातियों में आर्थिक रूप से पिछड़े लोग | 5 प्रतिशत श्रेणी I व II सीधी भर्ती के पदों में<br>10 प्रतिशत श्रेणी III व IV सीधी भर्ती के षदों में |

## बैकलॉग

अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग के बैकलॉग से सम्बन्धित दिनांक 31.12.2012 तक की सूचना तैयार करके मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार को भेजी जा चुकी है जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

| विभाग / सार्वजनिक उपकरण / आयुक्त / उपायुक्त | दिनांक 31.12.2012 तक का बैकलॉग | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनुसूचित जातियां | | | | | पिछड़ा वर्ग | | | | |
| | ए | बी | सी | डी | कुल | ए | बी | सी | डी | कुल |
| विभाग | 172 | 516 | 6580 | 442 | 7710 | 2 | 40 | 3803 | 996 | 4841 |
| सार्वजनिक उपकरण | 45 | 44 | 1280 | 332 | 1701 | 8 | 21 | 858 | 439 | 1326 |
| आयुक्त / उपायुक्त | 0 | 0 | 111 | 36 | 147 | 0 | 0 | 111 | 53 | 164 |
| कुल | 217 | 560 | 7971 | 810 | 9558 | 10 | 61 | 4772 | 1488 | 6331 |

3 यह प्रशासनिक रिपोर्ट अनुसूचित जातियाँ तथा पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग हरियाणा का वर्ष 2015–16 की स्कीमों का वर्णन करती है। इस प्रशासनिक रिपोर्ट के अगले पृष्ठों में भिन्न–भिन्न स्कीमों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। यद्यपि राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण हेतु कई स्कीमें शुरू की है परन्तु उन्हें दूसरे वर्गों के बराबर लाने के लिए और अधिक ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है और आने वाले वर्षों में विभाग इसके लिए और अधिक दृढ़ निश्चय के साथ प्रयास करेगा।

4. इस रिपोर्ट की समीक्षा को सरकारी गजट में प्रकाशित किया जाए तथा इस रिपोर्ट की प्रतियां भारत सरकार को तथा अन्य सम्बन्धित कार्यालयों को भेज दी जाएं।

अनिल कुमार, आई०ए०एस०,
प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
अनुसूचित जातियाँ एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग।

दिनांक चण्डीगढ़
6 मार्च, 2017

## अनुसूचित जातियाँ एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग हरियाणा की वर्ष 2015–16 की प्रशासनिक रिपोर्ट की समालोचना।

अनुसूचित जातियाँ एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा राज्य के अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों तथा विमुक्त जाति के कल्याण के लिए भरसक प्रयत्न करता है। वर्ष 2015–16 के दौरान अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग के स्टेट प्लान, केन्द्रीय प्रायोजित, विशेष केन्द्रीय सहायता तथा नान प्लान योजनाओं के लिए कुल 36871.20 लाख रुपये की राशि निर्धारित की गई थी परन्तु सरकार ने यह राशि बाद में 65896.00 लाख रुपये कर दी। इस राशि में से कुल 33534.49 लाख रुपये (11505.77 लाख रुपये राज्य प्लान, 7363.22 लाख रुपये केन्द्रीय प्रायोजित तथा 14665.50 लाख रुपये नान प्लान) का वास्तविक खर्चा हुआ है।

2. इस वर्ष के दौरान अनुसूचित जातियाँ, पिछड़े वर्ग तथा विमुक्त जाति एवं टपरीवास जातियों के शैक्षणिक, आर्थिक तथा सामाजिक विकास को महत्व दिया गया। वर्ष 2015–16 के दौरान विभिन्न योजनाएं जैसे मकान योजना, अन्तर्जातीय विवाह के लिए प्रोत्साहन, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, अनुसूचित जाति की विधवाओं/महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण तथा पूर्व तथा पोस्ट मैट्रिक स्तर पर छात्रवृत्ति योजनाएं आदि परिपालित की गई।

अनिल कुमार,<br>
प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,<br>
अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग।

दिनांक चण्डीगढ़ :<br>
6 मार्च, 2017

# अनुसूचित जातियाँ एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा की वर्ष 2015—16 की प्रशासनिक रिपोर्ट

## 1 भूमिका

यह अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा की 50वीं प्रशासनिक रिपोर्ट है। इसका सम्बन्ध 1 अप्रैल, 2015 से 31 मार्च, 2016 तक है। इस विभाग ने हरियाणा राज्य बनने के पश्चात् इन जातियों की भलाई के लिए बहुत काम किए हैं जो कि इस विभाग द्वारा चलाई गई स्कीमों के विस्तृत वर्णन से स्पष्ट है।

इस विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग तथा विमुक्त जाति एवं टपरीवास जातियों के कल्याण के लिए बहुत सी स्कीमें चलाई गई हैं, ताकि इन जातियों का आर्थिक, शैक्षणिक तथा सामाजिक उत्थान हो और यह जातियां समाज की दूसरी जातियों के साथ कदम से कदम मिला कर चल सकें। मंत्री इन्चार्ज तथा प्रशासकीय सचिव के अतिरिक्त निदेशक, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग इस विभाग के विभागाध्यक्ष है। जिला स्तर पर जिला कल्याण अधिकारी तथा तहसील स्तर पर तहसील कल्याण अधिकारी विभाग का काम चलाने के लिए नियुक्त किए गए हैं।

## 2 प्रशासन

इस वर्ष के दौरान 01.04.2015 से 30.05.2015 तक श्रीमती अमनीत पी0 कुमार, आई0ए0एस0 तथा 30.05.2015 से 31.03.2016 तक श्री शेखर विद्यार्थी, आई0ए0एस0 इस विभाग के निदेशक रहे हैं। निदेशालय तथा क्षेत्र में स्वीकृत अमले का विवरण इस प्रकार है :—

| क्र0 सं0 | पद का नाम निदेशालय | पे—बैंड | ग्रेड—पे | स्थाई | अस्थाई | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निदेशक | 37400—67000 | 8700 | — | 1 | 1 |
| 2. | मुख्य लेखा अधिकारी | 15600—39100 | 7600 | — | 1 | 1 |
| 3 | संयुक्त निदेशक | 15600—39100 | 6400 | 1 | 1 | 2 |
| 4 | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | 15600—39100 | 6000 | — | 1 | 1 |
| 5. | उप—निदेशक | 9300—34800 | 5400 | 3 | — | 3 |
| 6. | लेखा अधिकारी | 9300—34800 | 5400 | — | 1 | 1 |
| 7. | सांख्यिकीय अधिकारी | 9300—34800 | 4200 | 1 | — | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | अनुसंधान अधिकारी | 9300—34800 | 4200 | 1 | — | 1 |
| 9. | अधीक्षक | 9300—34800 | 4200 | 1 | 1 | 2 |
| 10. | महिला कल्याण अधिकारी | 9300—34800 | 4000 | 1 | — | 1 |
| 11. | अनुभाग अधिकारी | 9300—34800 | 4600 | 1 | 2 | 3 |
| 12. | निजी सहायक | 9300—34800 | 4000 | — | 1 | 1 |
| 13. | सहायक अनुसंधान अधिकारी | 9300—34800 | 4000 | 3 | 1 | 4 |
| 14. | उप—अधीक्षक | 9300—34800 | 4000 | 3 | — | 3 |
| 15. | सांख्यिकीय सहायक | 9300—34800 | 3600 | 6 | 2 | 8 |
| 16 | सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर | 9300—34800 | 3600 | — | 1 | 1 |
| 17. | सहायक | 9300—34800 | 3600 | 13 | 3 | 16 |
| 18. | लेखाकार | 9300—34800 | 3600 | 2 | — | 2 |
| 19. | जूनियर आडिटर | 9300—34800 | 3600 | 2 | 2 | 4 |
| 20. | कैशियर | 9300—34800 | 2400 | 1 | — | 1 |
| 21. | जूनियर स्केल स्टैनोग्राफर | 5200—20200 | 2400 | 2 | 4 | 6 |
| 22. | स्टैनोटाईपिस्ट | 5200—20200+ 100/— विशेष वेतन | 1900 | 2 | 5 | 7 |
| 23 | चालक | 5200—20200+ 200/—विशेष वेतन | 2400 | 1 | — | 1 |
| 24. | लिपिक/रिकार्ड कीपर/स्टोर कीपर/टाईपिस्ट | 5200—20200 | 1900 | 11 | 8 | 19 |
| 25 | सेवादार | 4440—7440 | 1300 | 12 | 1 | 13 |
| 26. | स्वीपर कम चौकीदार | 4440—7440+350/— विशेष वेतन | 1300 | 1 | — | 1 |

क्षेत्रीय अमला

| क्र०सं० | पद का नाम | पे–बैंड | ग्रेड–पे | स्थाई | अस्थाई | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला कल्याण अधिकारी | 9300–34800 | 4600 | 16 | 5 | 21 |
| 2. | उप–अधीक्षक | 9300–34800 | 4000 | 13 | 8 | 21 |
| 3. | सांख्यिकीय सहायक | 9300–34800 | 3600 | 3 | 18 | 21 |
| 4. | सहायक | 9300–34800 | 3600 | 16 | 5 | 21 |
| 5. | तहसील कल्याण अधिकारी | 9300–34800 | 3600 | 47 | 15 | 62 |
| 6. | लेडी सुपरवाईजर | 9300–34800 | 3600 | 1 | 5 | 6 |
| 7. | स्टैनोटाइपिस्ट | 5200–20200+ 100/– विशेष वेतन | 1900 | 5 | 16 | 21 |
| 8. | होस्टल वार्डन | 9300–34800 | 3600 | 5 | 1 | 6 |
| 9. | लेखाकार एवं लिपिक | 5200–20200 | 2400 | 12 | 15 | 27 |
| 10. | लिपिक | 5200–20200 | 1900 | 62 | 17 | 83 |
| 11. | महिला समाज सेविका | 5200–20200 | 2400 | 87 | – | 87 |
| 12. | चालक | 5200–20200 | 2400 | 12 | 1 | 13 |
| 13. | महिला परिचारिका | 4440–7440 | 1300 | 78 | 22 | 100 |
| 14. | सेवादार | 4440–7440 | 1300 | 30 | 45 | 75 |
| 15. | स्वीपर कम चौंकीदार | 4440–7440+ 350/– विशेष वेतन | 1300 | 4 | 18 | 22 |
| 16. | चौंकीदार | 4440–7440 | 1300 | – | 6 | 6 |
| 17. | कुक | 4440–7440 | 1400 | – | 10 | 10 |
| 18. | सहायक कुक | 4440–7440 | 1400 | – | 2 | 2 |
| 19. | स्वीपर | 4440–7440 | 1300 | – | 6 | 6 |

पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र

| क्र०सं० | पद का नाम | पे–बैंड | ग्रेड–पे | स्थाई | अस्थाई | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रधानाचार्य | 9300–34800 | 4200 | 1 | — | 1 |
| 2. | प्राध्यापक हिन्दी | 9300–34800 | 4000 | — | 4 | 4 |
| 3. | प्राध्यापक अंग्रेजी | 9300–34800 | 4000 | — | 4 | 4 |
| 4. | प्राध्यापक गणित | 9300–34800 | 4000 | — | 2 | 2 |
| 5. | प्राध्यापक सामान्य ज्ञान | 9300–34800 | 4000 | — | 4 | 4 |
| 6. | लेखाकार एवं लिपिक | 5200–20200 | 2400 | — | 4 | 4 |
| 7. | सेवादार | 4440–7440 | 1300 | 3 | 1 | 4 |
| 8. | स्वीपर कम चौंकीदार | 4440–7440+350 विशेष वेतन | 1300 | — | 1 | 1 |
| 9. | चौंकीदार | 4440–7440 | 1300 | 1 | — | 1 |

## ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि

इन लोगों को संविधान में वर्णित न केवल कुछ संरक्षण ही प्रदान किए गए हैं वरन इनकी वित्तीय दशा को सुधारने के उद्देश्य से कई पग भी उठाए गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 46 में दिया गया है कि राज्य सरकार जनता के दुर्बलतम लोगों की विशेषतः अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के शिक्षा तथा आर्थिक हितों की विशेष सावधानी से उन्नति करेगी तथा सामाजिक अन्याय और सब प्रकार के शोषण से उनका संरक्षण करेगी। इसका अनुसरण करते हुए इन जातियों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों ने भी धन की व्यवस्था की, इन जातियों की सामाजिक दशा सुधारने के लिए पंजाब सरकार ने एक कानून बनाया था जिसका नाम धार्मिक एवं सामाजिक निरयोग्यता उन्मूलन अधिनियम 1948 था। इसका उद्देश्य समाज से छूआछूत की बुराई को दूर करना था। इसको वर्ष 1955 में भारत सरकार द्वारा बनाए गए अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम 1955 के नाम से जाना जाने लगा जो कि अब सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के नाम से जाना जाता है। अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों को होटलों, मनोरंजन स्थानों, कुओं, तालाबों तथा मन्दिरों में जाने से रोकना जुर्म है तथा प्रतिबन्ध लगाने वाले को सजा दी जाती है।

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अन्तर्गत प्रत्येक जिला मुख्यालय पर वरिष्ठतम अपर सब न्यायाधीश को पूर्वोक्त अधिनियम के अधीन अपराधों का निवारण करने के लिए विशेष न्यायालय विनिर्दिष्ट किया गया है। उपरोक्त न्यायालयों की स्थापना के साथ-साथ ही न्याय एवं प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना से लोक अभियोजकों को इन विशेष न्यायालयों में मामलों की पैरवी के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है।

## 3.2 अनुसूचित जातियां

हरियाणा सरकार तथा भारत सरकार द्वारा बहुत सी स्कीमें अनूसूचित जातियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं ताकि इन जातियों के लोगों का शैक्षणिक, सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान हो सके। इसके अतिरिक्त इनके आर्थिक विकास के लिए हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की स्थापना की हुई है। हरियाणा राज्य में 37 जातियाँ अनुसूचित जाति की सूची में शामिल है जिसकी सूची अनुबन्ध' क' पर है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा में अनुसूचित जातियों की संख्या का जिला वार ब्यौरा अनुबन्ध 'घ' पर है।

## 3.3 विमुक्त जातियां

इन जातियों को 1952 में मान्यता दी गई है। इनके कल्याण के लिए बहुत सी स्कीमें चलाई जा रही हैं। इनके बच्चों को शिक्षा क्षेत्र में ऊपर उठाने के लिए

छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त इन जातियों के लिए मकान अनुदान, लड़कियों की शादी हेतु शगुन प्रदान किया जाता है। इन जातियों के बच्चों के लिए जीन्द में एक छात्रावास चलाया जा रहा है। जिसमें 50 छात्रो का प्रबंध है। इस छात्रवास में मुफ्त भोजन तथा रहने की व्यवस्था है। विमुक्त जातियों की सूचि अनुबन्ध' ख' पर है।

### 3.4 पिछड़े वर्ग

हरियाणा सरकार द्वारा 77 जातियों को पिछड़े वर्ग में घोषित किया हुआ है जिनकी सूचि अनुबन्ध 'ग' पर दी गई है। आरक्षण का लाभ उन जातियों को ही प्रदान किया गया है जो सम्पन्न वर्ग (क्रीमीलेयर) की परिभाषा में नहीं आते हैं। पिछड़ी जाति के बच्चों का शिक्षा स्तर ऊंचा उठाने के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाती है। इसके साथ–साथ इन जातियों के आर्थिक विकास हेतु हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम की स्थापना वर्ष 1980 में की गई थी।

## 4. अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व

अनुसूचित जातियों के लिए लोक सभा, विधान सभा, स्थानीय निकायों तथा पंचायतों में स्थान आरक्षित किए गए हैं। इन वर्गों के लिए सरकारी सेवाओं में तथा शैक्षणिक, तकनीकी तथा व्यवसायिक संस्थानों में दाखिले में 20 प्रतिशत आरक्षण किया गया है। इसी प्रकार पिछड़े वर्गों के लिए भी स्थानीय निकायों तथा पंचायतों में स्थान आरक्षित किए गए है। इन वर्गों के लिए सरकारी सेवाओं में श्रेणी III तथा IV में 27 प्रतिशत (16 प्रतिशत ब्लाक 'ए' तथा 11 प्रतिशत ब्लाक 'बी') तथा श्रेणी I तथा II में 10 प्रतिशत तथा शैक्षणिक/तकनीकी/व्यवसायिक शिक्षा संस्थाओं में दाखिले में 27 प्रतिशत (16 प्रतिशत ब्लाक 'ए' तथा 11 प्रतिशत ब्लाक 'बी') आरक्षण किया गया है।

